15 करोड़ के बिजनेस लोन का झांसा देकर डेढ़ करोड़ की ठगी

साइबर गिरोह का नेटवर्क खंगाल रही जांच एजेंसियां

नव भारत न्यूज

इंदौर. बड़े कारोबारियों को आसान शर्तों पर बिजनेस लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का नया मामला सामने आया है. जांच में पता चला है कि इसी नेटवर्क ने इंदौर के एक रोड कंस्ट्रक्शन कारोबारी से 15 करोड़ रुपए का लोन मंजूर कराने के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि ले ली.

जांच में सामने आया है कि ठगों ने कारोबारी को लोन की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस, एडवांस ब्याज, एनओसी और अन्य खर्चों का हवाला देकर अलग अलग समय पर रकम जमा कराई. इसके बाद भी जब लोन नहीं मिला तो कारोबारी को ठगी का अहसास हुआ. पीड़ित कारोबारी के वकील रोहित जैन ने पुलिस को बताया कि गिरोह ऐसे लोगों को निशाना बनाता था, जिन्हें बड़े लोन की जरूरत होती थी. आरोपियों ने वीडियो कॉल के जरिए नकदी से भरे कार्टन दिखाकर कारोबारी को भरोसा दिलाया कि लोन की राशि तैयार है और कुछ औपचारिकताएं पूरी होते ही रकम जारी कर दी जाएगी. आरोप है कि गिरोह ने कुछ समय के लिए कारोबारी का मोबाइल भी अपने कब्जे में लिया और उसमें मौजूद दस्तावेज, ई मेल सहित अन्य जानकारी हासिल की. इसके बाद कुछ ऐसे दस्तावेज तैयार किए गए, जिन पर कारोबारी ने हस्ताक्षर नहीं किए थे. वकील का कहना है कि, बार बार आश्वासन के बाद भी लोन नहीं मिलने पर कारोबारी ने मामले की जानकारी ली और ठगी का खुलासा हुआ. सामाजिक छवि खराब होने के डर से उसने तत्काल शिकायत नहीं की थी. जांच में यह भी सामने आया है कि इससे पहले भी इसी तरीके से 10 करोड़ रुपए के लोन का झांसा देकर एक कारोबारी से 1 करोड़ रुपए की ठगी की गई थी. उस मामले में साइबर सेल द्वारा फ्रीज कराई गई राशि को कोर्ट के आदेश के बाद पीड़ित को वापस दिलाया था.

200 से ज्यादा खातों में पहुंची रकम...

सूत्रों का कहना है कि दोनों मामलों में ठगी का तरीका और रकम ट्रांसफर करने का पैटर्न समान मिला है. कारोबारी से ली गई राशि 200 से ज्यादा बैंक खातों में ट्रांसफर किए जाने की जानकारी सामने आई है. अब जांच एजेंसियां गिरोह के पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही हैं. जांच के दौरान साउथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक अभिनेता और अभिनेत्री की कथित भूमिका की जानकारी भी सामने आई है. हालांकि, इस संबंध में अभी जांच जारी है.

मौलाना की कथित टिप्पणी के विरोध में चंदन नगर थाने पहुंचे लोग

कार्रवाई की मांग, सैकड़ों लोगों ने थाने पर लगाए नारे

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मौलाना की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शनिवार को चंदन नगर थाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ. राष्ट्रीय बलाई समाज के अध्यक्ष मनोज परमार कांवड़ियों और समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत सौंपी.

प्रदर्शनकारियों ने थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि वायरल वीडियो में आपत्तिजनक टिप्पणी की है. उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की. मामले की जानकारी मिलने पर एसीपी शिवेंदु जोशी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर शिकायत पर जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया. इसके बाद मनोज परमार ने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा. पुलिस ने शिकायत और वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है.

एसीपी, शिवेंदु जोशी

जांच की जा रही है...

मामले में लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, शिकायत और वीडियो की जांच कराई जा रही है. जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर साइबर ठगी

पहले भेजे 151 रुपए फिर खाते खाली कराए

नव भारत न्यूज

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में पार्ट टाइम जॉब और गूगल मैप रिव्यू के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है. ठगों ने पहले पीड़ित के खाते में 151 रुपए भेजकर भरोसा जीता और बाद में टेलीग्राम के जरिए टास्क पूरा करने के नाम पर अलग अलग खातों में रकम जमा कराकर ठगी कर ली. शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

वल्लभ नगर निवासी अभिषेक गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके व्हाट्सएप पर अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल और मैसेज आया था. कॉल करने वालों ने घर बैठे गूगल मैप पर कंपनियों को रेटिंग और रिव्यू देने के बदले पैसे कमाने का झांसा दिया. भरोसा बढ़ाने के लिए आरोपियों ने उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते में 151 रुपए ट्रांसफर किए. इसके बाद अभिषेक को टेलीग्राम पर ले जाकर प्रणवी शर्मा नाम की आईडी से प्रीपेड टास्क दिए. ज्यादा मुनाफे का लालच देकर उनसे अलग अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई गई. पीड़ित ने जब जमा राशि और लाभांश वापस लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने और पैसे जमा करने की मांग की. रकम वापस नहीं मिलने पर अभिषेक ने तुकोगंज थाने में शिकायत की.

जांच की जा रही है...

शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. जिन खातों में राशि ट्रांसफर हुई है, उन्हें फ्रीज कराने की कार्रवाई के साथ ही साइबर ठगी में इस्तेमाल बैंक खातों, मोबाइल नंबर और टेलीग्राम आईडी की जांच शुरू कर दी है. मोबाइल नंबर और टेलीग्राम आईडी के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

-एडिशनल डीसीपी, राजेश दंडोतिया

अपहरण की आशंका वाला नाबालिग बेंगलुरु में मिला

मां की फटकार से नाराज होकर घर छोड़ने की बात बताई, पुलिस लेकर पहुंची इंदौर

नव भारत न्यूज

इंदौर. बेटमा कस्बे से एक सप्ताह पहले लापता हुए जिस 16 वर्षीय नाबालिग के अपहरण की आशंका जताई जा रही थी, वह कर्नाटक के बेंगलुरु में मिला है. पुलिस टीम उसे लेकर सोमवार सुबह इंदौर पहुंची. पूछताछ में नाबालिग ने पढ़ाई को लेकर मां की डांट से नाराज होकर घर छोड़ने की बात बताई है.

बेटमा में रहने वाले मजदूर का 16 वर्षीय बेटा अचानक घर से चला गया था. परिजनों ने उसकी तलाश के बाद बेटमा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए अपहरण की आशंका जताई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए देहात पुलिस अधीक्षक राजेंद्र वर्मा ने जांच के निर्देश दिए थे. पुलिस को दो दिन पहले नाबालिग के मोबाइल की लोकेशन बेंगलुरु में मिली. इसके बाद एसडीओपी संघप्रिय सम्राट के निर्देश पर उप निरीक्षक कमलेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम को बेंगलुरु भेजा. पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग को तलाश लिया और उसे अपने साथ इंदौर लेकर आई. पुलिस पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि पढ़ाई को लेकर मां ने उसे फटकार लगाई थी, जिससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से निकल गया था. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.

पानी की टंकी में मिला लापता पेंटर का शव

छह दिन बाद दुर्गंध आने पर खुलासा

इंदौर. रावजी बाजार थाना क्षेत्र की जबरन कॉलोनी में पानी की टंकी से 35 वर्षीय पेंटर का शव मिलने से हड़कंप मच गया. मृतक की पहचान पप्पू मालवीय के रूप में हुई है, जो पिछले रविवार से लापता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

जबरन कॉलोनी निवासी पप्पू मालवीय को आखिरी बार रविवार को देखा गया था. इसके बाद से वह लापता था. शनिवार को कॉलोनी में स्थित पानी की टंकी से तेज दुर्गंध आने पर रहवासियों ने अंदर देखा तो शव दिखाई दिया. सूचना मिलने पर रावजी बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची. टंकी का मुंह छोटा होने से शव निकालने में परेशानी हुई. पुलिस और नगर निगम की टीम ने टंकी की फर्शी तुड़वाई और मोटर से पानी खाली कराया. इसके बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पप्पू घर में अकेला रहता था. उसकी पत्नी और बेटी कुछ समय पहले अलग हो चुके हैं, जबकि अन्य परिजन बद्रीनाथ यात्रा पर गए हुए हैं. पुलिस ने उन्हें घटना की सूचना दे दी है. पुलिस के अनुसार, अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि युवक की मौत हादसा है, आत्महत्या या इसके पीछे कोई अन्य कारण है. रावजी बाजार थाना पुलिस के अनुसार, पानी की टंकी से युवक का शव मिला है. मर्ग कायम कर जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

अण्णाभाऊ साठे की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

बेटमा. विश्व साहित्य रत्न अण्णाभाऊ साठे की 106वीं जयंती पर मांग-मातंग समाज केंद्रीय संचालन समिति कि ओर से उत्तम जाधव ने बताया कि शनिवार को इंदौर में शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. आयोजन में समाज के हजारों लोगों की सहभागिता रही. आयोजकों के अनुसार इंदौर के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में समाजजन एक मंच पर एकत्रित हुए. शोभायात्रा का शुभारंभ पंढरीनाथ चौराहा से बैंड-बाजों, डीजे, आकर्षक झांकियों एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ हुआ. यात्रा मच्छी बाजार, राजवाड़ा, नंदलालपुरा, छत्रीबाग और कृष्णपुरा मार्ग से होते हुए पुनः पंढरीनाथ चौराहा पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ. समापन समारोह में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट नागरिकों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में भाजपा की स्वाती काशिद ताई, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, भीम आर्मी ब्लू पैंथर के संस्थापक डॉ. हेमंत कुमार हरोले, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति धार जिला अध्यक्ष आनंद राम करौले, वरिष्ठ समाजसेवी हरिराम चौहान, मोनिका सोलंकी, भाजपा युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष अमित पालीवाल, भाजपा नेता ईशान पोरवाल तथा भीम आर्मी ब्लू पैंथर जिला अध्यक्ष डमरू पहलवान विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम की जानकारी सुधाकर खड़से ने दी.

श्री एकेडमी में विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया

महू. ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में शनिवार को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय के वर्तमान एवं पूर्व स्काउट्स ने एक-दूसरे को स्काउट स्कार्फ पहनाकर भाईचारे, सेवा एवं एकता का संदेश दिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने कहा कि स्काउट स्कार्फ केवल वर्दी का हिस्सा नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, नेतृत्व एवं मानवता का प्रतीक है. उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट के आदर्श वाक्य सदैव तैयार को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी. उन्होंने बताया कि विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस प्रतिवर्ष 1 अगस्त को मनाया जाता है. यह दिवस वर्ष 1907 में इंग्लैंड के ब्राउनसी द्वीप पर आयोजित प्रथम स्काउट शिविर की स्मृति में मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत स्काउट आंदोलन के संस्थापक रॉबर्ट बैडन-पॉवेल ने की थी. संचालन विद्यालय के सकाउट मास्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार एवं सुदर्शन सर के मार्गदर्शन में किया गया. संस्थान की प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्काउट प्रतिज्ञा का स्मरण करते हुए समाज एवं राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया.

ग्राम पंचायत नांदेड़ में बनेगा सामुदायिक भवन

महू. ग्राम पंचायत नांदेड़ में ग्रामीणों की सुविधा के लिए 19 लाख की अनुमानित लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा. इस विकास कार्य का भूमि पूजन एवं विभिन्न अन्य कार्यों का लोकार्पण रविवार को क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा. विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम शाम 4 बजे ग्राम नांदेड़ में आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश व जिले के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं सहित आम जनता को सादर आमंत्रित किया गया है. सामुदायिक भवन के बनने से स्थानीय ग्रामीणों को सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सकेगा.

वीकेंड चेकिंग में शराब पीकर वाहन चलाते 50 से अधिक पकड़े

नव भारत न्यूज

इंदौर. वीकेंड पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस ने शनिवार रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया. विजयनगर सर्कल में हुई कार्रवाई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 50 से अधिक लोगों को पकड़ा. सभी के खिलाफ कोर्ट चालान की कार्रवाई की गई.

विजयनगर, कनाड़िया, लसूड़िया, खजराना, एमआईजी और परदेशीपुरा थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने रात 10 बजे से 1 बजे तक प्रमुख चौराहों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की जांच की. इस दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते मिले चालकों को पकड़ा और उनका करीब 10 हजार रुपए का कोर्ट चालान बनाया. चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों और संदिग्धों की भी जांच की. टीमों ने बदमाशों के घर पहुंचकर दस्तक दी और दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए थाने लाया. कुछ लोगों के डोजियर तैयार किए गए, जबकि कुछ को चेतावनी देकर छोड़ा गया. पुलिस ने जिलाबदर बदमाशों और चाकूबाजी जैसे मामलों में शामिल आरोपियों की भी निगरानी की. इस दौरान ड्रोन के माध्यम से भी कुछ क्षेत्रों में सर्चिंग की गई. एडीसीपी, अमरेंद्र सिंह ने बताया कि अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

सरकारी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग का आरोपी जफर खान धुलिया से गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शासकीय जमीनों पर अवैध कॉलोनियां बसाकर नोटरी के जरिए प्लॉट बेचने के मामले में फरार चल रहे जफर खान को पुलिस और एसआईटी ने महाराष्ट्र के धुलिया से गिरफ्तार किया है. आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेकर जमीनों की खरीद बिक्री और उससे जुड़े लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

तीन दिन पहले मल्हारगंज तहसीलदार की शिकायत पर चंदन नगर थाने में अज्जू उर्फ अज्जू खान निवासी सम्राट नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था. पूछताछ में सामने आया कि जमीन से जुड़े मामले में जफर खान की भूमिका भी सामने आई, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. मामला दर्ज होने के बाद जफर मोबाइल बंद कर फरार हो था. मामले में डीसीपी जोन 4 के निर्देशन में गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर महाराष्ट्र के धुलिया में दबिश देकर जफर खान को गिरफ्तार किया. कार्रवाई एडीसीपी विशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी और टीआई तिलक करोले के नेतृत्व में की गई. पुलिस जांच में सामने आया है कि जफर खान पर सिरपुर क्षेत्र और एयरपोर्ट विस्तार के लिए आरक्षित शासकीय जमीनों पर अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनियां विकसित करने के आरोप हैं. इनमें गीता नगर, लक्ष्मी नगर एनएक्स, केशव नगर और न्यू लक्ष्मी नगर सहित अन्य कॉलोनियां शामिल हैं. आरोप है कि बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों के नोटरी के जरिए प्लॉट बेचे गए. पुलिस अब आरोपी से जमीनों के दस्तावेज, लेन देन और अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी...

जफर खान को महाराष्ट्र के धुलिया से गिरफ्तार कर लाए हैं. आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी.

- एसीपी, शिवेंदु जोशी

1.120 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. लसूड़िया पुलिस ने लोहा मंडी क्षेत्र से एक युवक को गांजा रखने के मामले में गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है. देर रात करीब 12.15 बजे लोहा मंडी पावर हाउस के पास तिराहा रोड पर कार्रवाई की गई. इस दौरान राहुल खिंची निवासी राहुल गांधी नगर, हनुमान मंदिर के पास को पकड़ा. तलाशी में उसके पास से 1.120 किलो गांजा मिला. मामले में थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

स्कूली बसों के ब्लाइंड स्पॉट को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों और चालकों को किया जागरूक

नव भारत न्यूज

इंदौर. स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया. अभियान के दौरान स्कूल बस चालकों, अटेंडर्स और विद्यार्थियों को बस के ब्लाइंड स्पॉट से होने वाले हादसों से बचाव के तरीके बताए.

ट्रैफिक पुलिस जवान सुमंत सिंह कछावा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि वाहन के आसपास कुछ ऐसे हिस्से होते हैं, जहां चालक की सीधी नजर नहीं पहुंच पाती. इन्हीं स्थानों को ब्लाइंड स्पॉट कहा जाता है. ऐसे स्थानों पर बच्चे होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है.

डेमो के माध्यम से बच्चों को बताया कि बस के आगे, पीछे और दोनों किनारों पर खड़े होने से बचना चाहिए. बस में चढ़ते और उतरते समय वाहन के पूरी तरह रुकने का इंतजार करें. सड़क पार करते समय चालक और अटेंडर के संकेत का पालन करें तथा चलती बस के सामने या पीछे से सड़क पार नहीं करें. बस चालकों और अटेंडर्स को भी निर्देश दिए गए कि बच्चों को उतारने और चढ़ाने के बाद ही वाहन आगे बढ़ाएं. बस चलाने से पहले चारों ओर जांच करें और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें.

शादी के 7 दिन बाद ही तलाक मंजूर

फैमिली कोर्ट ने दी एक साल की शर्त में राहत

नव भारत न्यूज

इंदौर. आपसी सहमति से तलाक के लिए निर्धारित अवधि पूरी होने से पहले ही इंदौर फैमिली कोर्ट ने एक दंपती को विवाह विच्छेद की अनुमति दे दी. कोर्ट ने मामले की परिस्थितियों को देखते हुए शादी के सात दिन बाद दायर याचिका को मंजूर कर लिया.

मामले में पति पत्नी ने आपसी सहमति से हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत विवाह विच्छेद की याचिका प्रस्तुत की थी. सामान्य प्रक्रिया में आपसी सहमति से तलाक के लिए दोनों पक्षों का एक तय अवधि तक अलग रहना आवश्यक होता है. सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने यह तथ्य रखा गया कि विवाह के बाद दोनों पक्ष साथ रहने के इच्छुक नहीं हैं. याचिका में पत्नी ने बताया कि विवाह उसकी इच्छा के अनुसार नहीं हुआ था और वह पति के साथ वैवाहिक जीवन जारी नहीं रखना चाहती. याचिका पर सुनवाई के दौरान यह प्रश्न सामने आया कि निर्धारित अवधि पूरी हुए बिना विवाह विच्छेद की अनुमति दी जा सकती है या नहीं. इस पर पत्नी की ओर से अधिवक्ता वर्षा गुर्जर ने तर्क दिया कि जब दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक संबंध आगे बढ़ने की संभावना नहीं है, तो उन्हें अनावश्यक रूप से रिश्ते में बांधे रखना उचित नहीं होगा. अधिवक्ता ने हिन्दू विवाह अधिनियम की संबंधित धाराओं और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कोर्ट से राहत देने का आग्रह किया. मामले के तथ्यों और दोनों पक्षों की सहमति को देखते हुए प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय डॉ. कुलदीप जैन ने विवाह विच्छेद की याचिका स्वीकार कर ली.

कोर्ट ने दी अनुमति...

दोनों पक्ष आपसी सहमति से अलग होना चाहते थे. मामले की परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने निर्धारित अवधि से पहले विवाह विच्छेद की अनुमति दी है.

अधिवक्ता, वर्षा गुर्जर

बस स्टैंड पहुंची तो सीट पर मिला यात्री का शव, अटैक की आशंका

नव भारत न्यूज

इंदौर. संभाजी नगर से इंदौर आई बस में सवार एक यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. सरवटे बस स्टैंड पर सभी यात्रियों के उतरने के बाद कंडक्टर ने सीट पर बैठे यात्री को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई हलचल नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी.

मृतक की पहचान 50 वर्षीय हरिप्रसाद पिता हरपाल निवासी सीकर (राजस्थान) के रूप में हुई है. वह संभाजी नगर से इंदौर आने वाली बस में सवार था. बस के सरवटे बस स्टैंड पहुंचने के बाद यात्री उतर गए. इसके बाद कंडक्टर प्रशांत बस के अंदर पहुंचा तो हरिप्रसाद अपनी सीट पर सोए हुए मिले. उठाने का प्रयास करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और यात्री को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है. प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि यात्रा के दौरान हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हुई होगी. मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दे दी गई है.

एक नजर में | **प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कनाडिया पुलिस की कार्रवाई**

रोड रोलर चलाकर नष्ट किए 101 मॉडिफाइड साइलेंसर, 25 हैंड स्पीकर

नव भारत न्यूज

इंदौर. तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कनाडिया पुलिस ने जब्त किए गए 101 मॉडिफाइड बुलेट साइलेंसर और 25 हैंड स्पीकर नष्ट कर दिए. पुलिस ने तीन माह के अभियान के दौरान इन्हें जब्त किया था.

क्षेत्र में तेज और कर्कश आवाज करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था. इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगे बुलेट और अन्य दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 101 साइलेंसर जब्त किए. इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में उपयोग किए जा रहे 25 हैंड स्पीकर भी पुलिस ने जब्त किए थे. 31 जुलाई को थाना परिसर में जब्त सामग्री पर रोड रोलर चलाकर उनका विनष्टीकरण किया. अधिकारियों का कहना है कि वाहनों में फटाका या मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाना नियमों का उल्लंघन है. ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

यह अभियान जारी रहेगा...

ध्वनि प्रदूषण रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यह कार्रवाई की गई है. अवैध साइलेंसर और तेज आवाज वाले उपकरणों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा.

कनाडिया थाना प्रभारी, सहर्ष यादव